उत्तरांचल विधान सभा

उत्तरांचल विधान सभा
की कार्यसूची

शुक्रवार 14 चैत्र, शक संवत्, 1925
(दिनांक : 04 अप्रैल, 2003)

समय : 11 : 00 बजे पूर्वाहन्

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिये नत्थी "क")।

2. प्रश्न (देखिये नत्थी "ख")।

3. अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी "ग")।

4. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तरांचल विधान सभा के वर्ष, 2002 के तृतीय सत्र में, उत्तर प्रदेश विधान सभा प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली 1958 के नियम-301 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं पर कृत कार्यवाही का विवरण, उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष द्वारा जारी किये गये प्रक्रिया संबंधी निदेश के निदेश संख्या-14 (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखेंगे।

5. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

6. कुंवर प्रणव "चैम्पियन" सदस्य, विधान सभा, "जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत लक्सर विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पासापुर के नाले पर मिनि पुल निर्माण के संबंध में" श्री नवल सिंह एवं अन्य निवासीगण जनपद हरिद्वार द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. कुंवर प्रणव "चैम्पियन" सदस्य, विधान सभा, "लन्ढौरा (हरिद्वार) क्षेत्र में बहुसंख्यक ईंट भट्ठों के बिषैले धुएं से मानव जीवन एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु उनकी चिमनियों पर प्रदूषण नियंत्रक संयत्र लगाने हेतु" डा0 जुल्फीकार अली एवं अन्य निवासीगण जनपद हरिद्वार द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

....2/....

8. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

9. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

10. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

11. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

12. समाज कल्याण मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग विधेयक, 2003 पर विचार किया जाय (पन्द्रह मिनट)।

<u>प्रस्तावक का नाम</u>	<u>संशोधन का रूप</u>
(क) 1. श्री मातबर सिंह कण्डारी, 2. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट, 3. श्री प्रकाश पन्त, 4. श्रीमती आशा नौटियाल, 5. श्री अनिल नौटियाल, 6. श्री अजय भट्ट, 7. श्री हरबंस कपूर, 8. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,	"उत्तरांचल अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग विधेयक, 2003 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"
(ख) 1. काजी निजामुद्दीन, 2. मो0 शहजाद, 3. श्री तसलीम अहमद,	--- तदैव ---
(ग) 1. श्री प्रीतम सिंह पंवार।	"उत्तरांचल अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग विधेयक, 2003 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन दो माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे)

13. समाज कल्याण मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग विधेयक, 2003 पारित किया जाय।

14. समाज कल्याण मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति आयोग विधेयक, 2003 पर विचार किया जाय (पन्द्रह मिनट)।

....3/....

प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप
(क) 1. श्री काशी सिंह ऐरी, 2. श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी, 3. श्री मातबर सिंह कण्डारी, 4. श्री हरिदास, 5. श्री नारायण पाल,	"उत्तरांचल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति आयोग विधेयक, 2003 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"
(ख) 1. काजी निजामुद्दीन, 2. मो0 शहजाद, 3. श्री तसलीम अहमद,	--- तदैव ---
(ग) 1. श्री प्रीतम सिंह पंवार।	"उत्तरांचल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति आयोग विधेयक, 2003 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन दो माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे)

15. समाज कल्याण मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति आयोग विधेयक, 2003 पारित किया जाय।

16. समाज कल्याण मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल अल्पसंख्यक आयोग (संशोधन) विधेयक, 2003 पर विचार किया जाय (पन्द्रह मिनट)।

प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप
(क) 1. श्री मातबर सिंह कण्डारी, 2. श्री प्रकाश पन्त, 3. श्री अजय भट्ट, 4. श्री हरबंस कपूर, 5. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट, 6. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,	"उत्तरांचल अल्पसंख्यक आयोग (संशोधन) विधेयक, 2003 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"
(ख) 1. काजी निजामुद्दीन, 2. मो0 शहजाद, 3. श्री तसलीम अहमद,	--- तदैव ---
(ग) 1. श्री प्रीतम सिंह पंवार।	"उत्तरांचल अल्पसंख्यक आयोग (संशोधन) विधेयक, 2003 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन दो माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे)

....4/..

17. समाज कल्याण मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल अल्पसंख्यक आयोग (संशोधन) विधेयक, 2003 विचार किया जाय।

18. श्री कौंल दास, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 18 दिसम्बर, 2002 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का यह सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल के समस्त विकास खण्ड मुख्यालयों पर बालिका इण्टर कालेज प्राथमिकता के आधार पर खोले जाने हेतु आय-व्ययक में विशेष प्राविधान किया जाए।"

19. निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुतीकरणः-

प्रस्तावक का नाम	संकल्प
1. श्री बलवीर सिंह नेगी,	"यह सदन संकल्प व्यक्त करता है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के बूढ़ाकेदार क्षेत्र में 10 अगस्त, 2002 को दैवी आपदा से क्षतिग्रस्त 52 नहरों के सुधार व मरम्मत कार्य हेतु खेतों की सिंचाई के लिए उपलब्ध तकनीकी आंगणन के अनुसार सिंचाई विभाग, नरेन्द्रनगर द्वितीय खण्ड को 3.00 करोड़ रूपये का आवंटन कर दिया जाय।"
2. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,	"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड द्वारीखाल के स्थान सिलोगी या जाखणीखाल में एक महिला पालीटेक्निक की स्थापना की जाय।"
3. काजी निजामुद्दीन,	"इस सदन का निश्चित मत है कि औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए कृषि योग्य सिंचित भूमि का अधिग्रहण नहीं किया जाना चाहिए।"
4. श्री मातबर सिंह कण्डारी,	"इस सदन का यह सुविचारित मत है कि प्रदेश के रेलमार्गो की न्यूनता को दृष्टिगत रखते हुए विधान सभा के सदस्यों को अनुमन्य रेलवे ट्रेवल कूपन्स के मूल्य के समतुल्य धनराशि पेट्रोल एवं डीजल के व्यय के लिए नगद भुगतान की व्यवस्था कर दी जाय।"

....5/....

20. श्री फूल सिंह बिष्ट, द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-
"यह सदन श्री राज्यपाल को उनके द्वारा दिनांक 28 मार्च, 2003 को दिये गये अभिभाषण के लिए कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है"।

(प्रस्ताव में संशोधनों के लिए देखिए नत्थी (घ))

21. काजी निजामुद्दीन, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-110 के अन्तर्गत भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई संदेश का प्रस्तुतीकरण :-

"यह सदन भारतीय टीम को वर्ष, 2003 के वर्ल्डकप फाइनल तक पहुचंने के लिए तथा उनके अच्छे खेल के प्रदर्शन के लिए बधाई देता है। भारतीय क्रिकेट टीम ने जिस प्रकार से 20 साल बाद क्रीड़ा जगत में अपनी स्थिति और क्रिकेट के खेल को सुधारा और संवारा है, उसके लिए भारतीय क्रिकेट टीम के सभी सदस्य बधाई के पात्र है। विशेषकर मास्टर ब्लास्टर, सचिन तेन्दुलकर जो पूरे वर्ल्डकप टूर्नामैन्ट के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किये किये गये तथा जिन्हें इस पुरस्कार से नवाजा गया है, वह पूरे देश के लिए बड़े सम्मान का विषय हैं। टीम के कप्तान सौरब गांगुली, को टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए भी श्रेय जाता है जिन्होंने बहुत अच्छे ताल-मेल के साथ पूरी टीम के मनोबल को अन्त तक बनाये रखा।

वर्ष, 2003, का क्रिकेट महाकुम्भ आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत साबित होगा- ऐसी आशा की जाती है।"

22. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

देहरादूनः
दिनांक : 04 अप्रैल, 2003

(महेश चन्द्र)
सचिव।

उत्तरांचल विधान सभा

प्रथम सत्र, 2003 का
प्रथम शुक्रवार

उत्तरांचल विधान सभा
की कार्यसूची
शुक्रवार, 14 चैत्र, शक संवत्, 1925
(दिनांक : 04 अप्रैल, 2003)

नत्थी (क)

अल्पसूचित प्रश्न

श्री प्रकाश पंत 29.03.2003	**1. क्या ऊर्जा मंत्री को ज्ञात है कि वित्तीय वर्ष 2002-2003 में प्रदेश की कतिपय कॉमर्शियल संस्थाओं को नॉन कॉमर्शियल संस्था दर्शाते हुए उनके द्वारा विद्युत उपभोग की बिलिंग एल.एम.वी.-2 के स्थान पर एल.एम.वी.-4 की दरों पर करके करोड़ों रूपये के राजस्व की क्षति पहुँचायी गयी है ? यदि हाँ, तो वे संस्थाए कौन-कौन सी हैं? क्या मंत्री जी इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जाँच कराकर पूरा विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नही, तो इसमें क्या कठिनाई हैं?	ऊर्जा
काजी निजामुद्दीन 20.3.2003	**2. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में आम के बगीचों में शूट गाल नामक रोग का बड़ी मात्रा में प्रकोप हो रहा है? यदि हाँ, तो सरकार शूट गाल की रोकथाम के लिए कोई प्रभावी कदम उठाने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों?	उद्यान

नत्थी (ख)

प्रथम सत्र, 2003 का
प्रथम शुक्रवार

(उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्यसंचालन नियमावली 1958, के नियम 29 (4) के अन्तर्गत प्राथमिकता प्राप्त तारांकित प्रश्न)

काजी निजामुद्दीन
20.3.2003

*1. क्या श्रम मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश सरकार द्वारा बेरोज़गारों को बेरोज़गारी भत्ता दिये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

श्रम

नत्थी (ग)

तारांकित प्रश्न

श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी 29.1.2003	*1. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दूनागिरी व द्वाराहाट जनपद अल्मोड़ा को पर्यटन क्षेत्रों की सूची में सम्मिलित किया गया है? यदि हाँ, तो उक्त क्षेत्रों के पर्यटन विकास की कोई योजना सरकार के विचाराधीन हैं? यदि नहीं, तो क्यों?	पर्यटन
श्री मदन कौशिक 29.1.2003	*2. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश की नीति क्या है? क्या सरकार द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश में पारदर्शिता बनाये रखने हेतु कोई मापदंड तय किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों?	तकनीकी शिक्षा
श्री नारायण सिंह जंतवाल 13.2.2003	*3. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि उत्तरांचल मेडिकल एण्ड पब्लिक हैल्थ मिनिस्टीरियल एसोसिएशन की मांग पर स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक उत्तरांचल की पूर्ण संस्तुति के अनुसार मिनिस्टीरियल संवर्ग के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय से लेकर ब्लाक स्तर तक के कैडर के एकीकरण एवं तद्नुसार एक सेवानियमावली एवं एक वरिष्ठता सूची बनाये जाने का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक इस पर कार्यवाही पूर्ण हो जायेगी?	स्वास्थ्य
श्री प्रकाश पंत 17.2.2003	*4. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 12 जुलाई, 2002 से नये टैक्सी परमिट निर्गत करने तथा परमिटों के नवीनीकरण पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया है? यदि हाँ, तो क्या वाहनों के पंजीकरण पर भी रोक लगी है? उक्त प्रतिबन्ध को लगाये जाने के क्या कारण हैं तथा कब तक यह प्रतिबन्ध हटा दिया जायेगा?	परिवहन

कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन' 18.2.2003	*5. दो विभाग होने के कारण निरस्त	
श्री मातबर सिंह कण्डारी 20.2.2003.	*6. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के राजकीय अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सको द्वारा प्राइवेट प्रैक्टिस करने एवं नर्सिंग होम चलाने पर प्रतिबंध लगाने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाने की योजना बना रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	स्वास्थ्य
श्री हरबंस कपूर 20.2.2003	*7. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार दून चिकित्सालय, देहरादून को राज्य स्तर के चिकित्सालय का दर्जा प्रदान कर उसमें सभी आधुनिक उपचार से संबंधित सुविधायें उपलब्ध करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	स्वास्थ्य
श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट 20.2.2003	*8. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में बी0ए0एम0एस0 तथा बी0ई0एम0एस0 की कक्षायें संचालित करने वाली कौन-2 सी संस्थाऐं विधिमान्य हैं? उत्तराखण्ड मेडिकल इंस्टिट्यूट 78/ए, एम0डी0डी0ए0 कालोनी, डालनवाला, देहरादून द्वारा गठन से आज तक कुल कितने छात्रों को बी0ई0एम0एस0 की डिग्री प्रदान की गयी हैं? क्या उत्तरांचल सरकार द्वारा उक्त संस्थान को मान्यता प्रदान की गई है?	द्वितीय सोम के तारा0 9 में स्था0
श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत 22.2.2003	*9. क्या पर्यटन मंत्री यह बतायेंगे कि सरकार नई पर्यटन नीति के तहत उत्तरांचल के चार धामों की यात्रा के लिए यात्रियों की सुविधा के लिए क्या-क्या व्यवस्था कर रही है? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?	पर्यटन

स्थगित अतारांकित प्रश्न

श्री मातबर सिंह कण्डारी 27.8.2002	1. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि तराई बीज विकास निगम उधमसिंह नगर उत्तरांचल क्षेत्र में होने पर भी उत्तर प्रदेश सरकार के नियंत्रण में है? यदि हाँ, तो तराई बीज विकास निगम उधमसिंह नगर के कर्मचारियों का वेतन भुगतान किस सरकार द्वारा किया जा रहा है?	कृषि

अतारांकित प्रश्न

श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी 29.1.2003	1. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड द्वाराहाट के अन्तर्गत बिन्ता क्षेत्र में आई0टी0आई0 खोलने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	तकनीकी शिक्षा
श्री कैलाश शर्मा 29.1.2003	2. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के विक्टर मोहन जोशी महिला चिकित्सालय अल्मोड़ा में बाल रोग विशेषज्ञ का पद रिक्त है? यदि हाँ, तो क्या सरकार बाल रोग विशेषज्ञ के पद पर नियुक्ति जनहित में शीघ्र करेगी? यदि हाँ, तो कब तक?	स्वास्थ्य
श्री कैलाश शर्मा 29.1.2003	3. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद में स्व0 गोवर्धन तिवारी बेस चिकित्सालय अल्मोड़ा में सर्जन, चिकित्सक एवं स्टाफ नर्सों के कुल कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार जनहित में उक्त पदों पर नियुक्तियाँ करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	स्वास्थ्य
श्री कैलाश शर्मा 29.1.2003	4. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के सितलाखेत और कसारदेवी पर्यटक स्थलों को विकसित करने की सरकार की कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है?	पर्यटन
श्री कैलाश शर्मा 30.1.2003	5. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद में स्व0 हरगोविन्द पंत जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा में चिकित्सा अधिकारियों के कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार रिक्त पदों पर शीघ्र तैनाती करेगी? यदि हाँ, तो कब तक?	स्वास्थ्य
श्री मदन कौशिक 30.1.2003	6. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में किन-किन जनपदों के चिकित्सालयों में वार्डों के बिस्तरों (गद्दे, चादर, तकिया, कम्बल इत्यादि) के लिए कितना धन उपलब्ध कराया गया है?	स्वास्थ्य
श्री बलबीर सिंह नेगी 31.1.2003	7. क्या जलागम प्रबन्धन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी-गढ़वाल में जलागम की कौन-2 सी योजनायें संचालित हो रही हैं? क्या टिहरी गढ़वाल के सभी गाँव इन योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं, यदि नहीं, तो क्यों?	जलागम प्रबन्धन
श्री कैलाश शर्मा 4.2.2003	8. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के स्व0 विक्टर मोहन जोशी महिला चिकित्सालय अल्मोड़ा में कार्यरत सभी अधिकारी/कर्मचारियों को सरकार सरकारी आवास मुहैया कराये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक?	स्वास्थ्य

श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी 4.2.2003	9. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य के राजकीय वित्त पोषित इंजीनियरिंग कालेजों में सरकार टेलिकॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा उपलब्ध करवाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	तकनीकी शिक्षा
श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी 4.2.2003	10. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में कितने स्वास्थ्य केन्द्र किराये के भवनों में चल रहे हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि किराये के भवनों में चलने वाले स्वास्थ्य केन्द्रों को स्वास्थ्य विभाग किस दर पर मासिक किराया भुगतान करता है? क्या सरकार स्वास्थ्य केन्द्रों हेतु लिये जाने वाले किराये के भवनों के किराये में वृद्धि किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	स्वास्थ्य
श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी 4.2.2003	11. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार कृषि विकास हेतु उत्तरांचल के प्रत्येक जनपद में कृषि विज्ञान केन्द्र खोलने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि अब तक किन-किन जनपदों में कहाँ-कहाँ कृषि विज्ञान केन्द्र खोले जा चुके हैं? यदि नहीं, तो क्यों?	कृषि
श्री मातबर सिंह कण्डारी 4.2.2003	12. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की स्वास्थ्य नीति बन गई है? यदि हाँ, तो क्या सरकार स्वास्थ्य नीति की एक प्रति सदन के पटल पर रखेगी?	स्वास्थ्य
श्री मातबर सिंह कण्डारी 5.2.2003	13. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों के मुख्यालयों पर कितने प्रथम नियुक्ति वाले डाक्टरों की तैनाती कर दी गयी है? क्या यह सत्य है कि सर्व प्रथम नियुक्ति वाले उक्त डाक्टरों की नियुक्ति दुर्गम तथा दूरस्थ क्षेत्रों में नहीं की गई हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में डाक्टरों की नियुक्ति के लिए कोई योजना बनाने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों?	स्वास्थ्य
श्री मातबर सिंह कण्डारी 5.2.2003	14. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य निर्माण के पश्चात् कितनी शिक्षण संस्थाओं को एम0बी0ए0, बी0बी0ए0, बी0आई0टी0एस0 तथा कम्प्यूटर के लिए मान्यता दी गयी है? क्या यह सत्य है कि कतिपय शिक्षण संस्थाओं को बिना मानक पूर्ण किये मान्यता दी गई है? यदि हाँ, तो क्यों?	31.3.03 को अता0 21 द्वारा उत्तरित
श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी 5.2.2003	15. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्रों एवं एलोपैथिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों के कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार इन चिकित्सालयों में रिक्त पदों पर तैनाती पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक तैनाती कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?	स्वास्थ्य

कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन' 7.2.2003	16. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के अति पिछड़े खादर दोआब क्षेत्र में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) अथवा राजकीय प्राविधिक संस्थान (पॉलिटैक्नीक) खोले जाने की शासन की कोई योजना है? यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त क्षेत्र में तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान खोलेगी? यदि नहीं, तो क्यों?	तकनीकी शिक्षा
श्री काज़ी निज़ामुद्दीन 10.2.2003	17. क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर 'बियर बार' खोलने की कोई नीति बनाई है? यदि हाँ, तो नीति का प्रारूप क्या है?	आबकारी
श्री मातबर सिंह कण्डारी 13.2.2003	18. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार उत्तरांचल के प्रत्येक जनपद में एक राजकीय पौलीटेक्निक खोले जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार नवसृजित जनपद रूद्रप्रयाग में राजकीय पौलीटेक्निक कॉलेज खोले जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	तकनीकी शिक्षा
श्री नारायण राम आर्य 14.2.2003	19. क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितनी अंशकालिक दाईयाँ हैं तथा इन्हें कितने रूपये मासिक वेतन मिलता है? क्या सरकार इन्हें नियमित करने तथा इनके वेतन बढ़ाने के संबंध में विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक निर्णय ले लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?	स्वास्थ्य
श्री नारायण राम आर्य 15.2.2003	20. क्या परिवहन मंत्री को ज्ञात है कि पिथौरागढ़ जिले के गंगोलीहाट में बस स्टेशन के निर्माण हेतु शिलान्यास हो चुका है? यदि हाँ, तो उक्त बस स्टेशन का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?	परिवहन
श्री नारायण राम आर्य 15.2.2003	21. क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि पिथौरागढ़ जिले के प्रा0स्वा0 केन्द्र पोखरी व बनकोट के भवन निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है? यदि नहीं, तो धन की व्यवस्था हेतु क्या कार्यवाही चल रही है? कब तक उक्त स्थान पर भवन का निर्माण काय पूर्ण हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?	स्वास्थ्य
श्रीमती आशा नौटियाल 15.2.2003	22. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में रिक्त पदों पर प्रशिक्षित बेरोज़गारों फार्मेसिस्टों की आयु में छूट देकर नियुक्ति प्रदान करने का प्रकरण सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक नियुक्तियाँ कर दी जायेंगी? यदि नहीं, तो क्यों?	स्वास्थ्य

श्री तसलीम अहमद 17.2.2003	23. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मण्डी परिषद् उत्तरांचल से प्रदेश के किन जनपदों में विकास कार्य हो रहे हैं? जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत ज्वालापुर मण्डी समिति ने पिछले दो वर्षों में क्या-क्या विकास कार्य किये हैं? क्या मण्डी समिति ज्वालापुर द्वारा गोद लिये गये ग्राम पंचायत भगतनपुर, आबिदपुर उर्फ इक्कड के ग्राम इक्कड में कोई विकास कार्य कराया गया है? यदि नहीं, तो क्यों?	कृषि
श्री बलबीर सिंह नेगी 18.2.2003	24. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य बनने के बाद आज तक कितने नये औषधि लाइसेन्स दिये गये हैं? नये ड्रग लाइसेन्स दिये जाने के मानक क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य बनने के बाद माह दिसम्बर, 2002 से अब तक प्रदेश के कितने औषधि व्यापारियों द्वारा ड्रग लाइसेन्स नवीनीकरण हेतु आवेदन किये गये हैं? यदि हाँ, तो क्या उनका नवीनीकरण किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों?	स्वास्थ्य
श्री बलबीर सिंह नेगी 18.2.2003	25. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के औषधि विभाग में सरकार राज्य औषधि-सलाहकार बोर्ड का गठन करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त बोर्ड का गठन कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?	स्वास्थ्य
श्री बलबीर सिंह नेगी 18.2.2003	26. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि इण्डियन फार्मेसी एक्ट 1948 के अनुरूप क्या सरकार उत्तरांचल में फार्मेसी काउंसिल के गठन पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक गठन कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?	स्वास्थ्य
श्री बलबीर सिंह नेगी 18.2.2003	27. क्या स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी है कि सम्पूर्ण उत्तरांचल में एक ड्रग्स लाइसेन्स अधिकारी है? यदि हाँ, तो क्या सरकार दूरस्थ स्थानों में दवा व्यापारियों की असुविधा को दूर करने के लिए प्रत्येक जनपद में ड्रग्स लाइसेंस अधिकारी की नियुक्ति पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों?	स्वास्थ्य
श्री नारायण सिंह जंतवाल 19.2.2003	28. क्या सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान सरकार के गठन से आज तक कितने लोगों को सरकारी सेवा में सेवायोजित किया जा चुका है?	श्रम एवं सेवायोजन
श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट 21.2.2003	29. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 1993-94 में हुए आयुर्वेदिक घोटाला प्रकरण में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी कार्यालय टिहरी गढ़वाल के वरिष्ठ सहायक को निलंबित किया गया था? क्या प्रश्नगत घोटाला प्रकरण पूर्ण रूप से निस्तारित हो चुका है? यदि नहीं, तो वरिष्ठ सहायक को किस अधिकृत अधिकारी के आदेश से उत्तरांचल की सेवा में बहाल किया गया है? क्या निलम्बन काल के वेतन का भुगतान भी किया गया है?	स्वास्थ्य

डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी 24.2.2003	30. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के मुख्यालय गोपेश्वर में लड़कियों को तकनीकी शिक्षा प्रदान करने हेतु महिला पोलीटैक्निक स्वीकृत किये जाने हेतु क्या कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक इस पर निर्णय ले लिया जायेगा?	तकनीकी शिक्षा
डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी 25.2.2003	31. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कैलाश मानसरोवर यात्रा जनपद चमोली के नीती मलारी स्थान से प्रारम्भ किये जाने हेतु शासन द्वारा विचार किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों?	पर्यटन
डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी 26.2.2003	32. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार जनपद चमोली के साइकोट तथा स्यूण बेमरो नामक स्थान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं विकास खण्ड जोशीमठ के ग्राम सभा डुमख कलगोठव पैनी में ए.एन.एम. सेन्टर खोले जाने की स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	स्वास्थ्य
डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी 26.2.2003	33. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जोशीमठ जनपद चमोली में परिवार कल्याण उपकेन्द्र की स्थापना हेतु शासन स्तर पर 20 लाख रूपये का आगणन प्रस्तुत किया गया है? यदि हाँ, तो क्या यह आगणन इसी वित्तीय वर्ष 2002-03 में स्वीकृत कर दिया जायेगा?	स्वास्थ्य
डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी 26.2.2003	34. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में गणाई, मालबजवाड़, सिलंगी आलकोट एवं नगली ढमकर में परिवार कल्याण उपकेन्द्र स्वीकृत किये जाने की कोई योजना शासनान्तर्गत प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त उपकेन्द्र स्थापित कर दिये जायेंगे?	स्वास्थ्य
श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी 11.2.2003	35. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तर प्रदेश से विकल्प के आधार पर आये चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा-महानिदेशालय के कर्मचारियों को नये राज्य में पदोन्नति का लाभ दिये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	स्वास्थ्य

उत्तरांचल विधान सभा

नत्थी "घ"

श्री राज्यपाल के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव में संशोधन।

क्रं.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप
1.	श्री भगत सिंह कोश्यारी	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जायः- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :- 1. दो लाख लोगों को रोजगार देने का वादा पूर्ण न किए जाने और इस वर्ष प्रत्यक्ष सेवाओं में कम से कम 20 हजार नियुक्तियां करनें, 2. विशिष्ट बी0टी0सी0 डिप्लोमा इंजीनियर, फार्मासिस्ट, आई0टी0आई0 प्रशिक्षित बेरोजगारों को नियुक्ति दिये जाने, 3. खनन नीति में परिवर्तन कर स्थानीय लोगों के माध्यम से नदी चुगान आदि में प्राथमिकता देने तथा खनन पट्टा जारी करने का अधिकार उप जिलाधिकारी को सौंपने, 4. गन्ना तथा अन्य कृषि उपजों के समर्थन मूल्य की घोषणा करने तथा पूर्व निर्धारित मूल्य का भुगतान करने, 5. राज्य में भ्रष्टाचार का निदान करने, 6. पर्यटन को जन सहभागिता के साथ विकसित करने, 7. शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु उपाय करने, 8. प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में विकेन्द्रीकृत विकास के तहत सड़क, स्कूल, अस्पताल स्वीकृत करने, 9. जनपद बागेश्वर तथा रूद्रप्रयाग में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक कार्यालय खोलने।"

...2/...

कं.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप
2.	श्री मातबर सिंह कण्डारी	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जाय:- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :- 1. सौंराखाल भरदार (रूद्रप्रयाग) में आई0टी0आई0 खोलने, 2. जिला मुख्यालय रूद्रप्रयाग में राजकीय महाविद्यालय खोलने, 3. उपतहसील जखोली को पूर्ण तहसील बनाने, 4. सिद्धसौड (बडमा), किमाणा (फुटगढ़), घंगासू (बांगर), धोल्तीर (रानीगढ़), कांडई (बछणस्यूँ) तथा सौंराखाल भरदार में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा खोलने, 5. जनपद मुख्यालय रूद्रप्रयाग में राजकीय पोलिटेक्निक कालेज खोलने, 6. तुनेट (भरदार), देवीधार (सिलगढ़) गहडखाल (बछणस्यूँ), पुलन (बांगर), अमकोटी (लस्या) हडेतीखाल (दश्ज्यूला), जसोली (रानीगढ़) तथा ग्वेफड धनपुर में राजकीय चिकित्सालय खोलने, 7. लस्तर नदी (रिखैंण) रहड़ (सिलगढ़), मन्दाकनी नदी (गंगतल), अलकनन्दा नदी धुर्येली (दश्ज्यूला), तथा अलकनन्दा नदी पपडासू (भरदार) में झूला पुल का निर्माण करने, 8. जखन्यालगाँव (बडमा), कोटी सेम (बडमा), सिखाडी, पुलन लिस्वाल्टा (बांगर), बक्सीर भुनालगाँव डाँगी खोड (पूर्वी बांगर) तथा गवाँणा (भरदार) में विद्युतीकरण की सुविधा देने, 9. तल्ला नागपुर, दश्ज्यूला, रानीगढ़, धनपुर, बछणस्यूँ तथा भरदार को मिलाकर रूद्रप्रयाग में नये विकास खण्ड का सृजन करने, 10. नगरासू जसोली डाँडाखाल, तिलवाड़ा सौराखाल, खांकरा कांडई खेडाखाल, जखोलीमीरी मोटर मार्गो का डामरीकरण करने, 11. शासन प्रशासन को चुस्त दुरूस्त करते हुए भ्रष्टाचार को समाप्त करने,

...3/...

क्र.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप

12. ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित बिजली देकर लो वोल्टेज की समस्या को दूर करने एवं जले ट्रॉंसफार्मरों को तत्काल बदलने,
13. सम्पूर्ण उत्तरांचल में मद्य निषेध लागू करने,
14. विकास खण्ड जखोली रूद्रप्रयाग के भवन का निर्माण करने,
15. तिलवाड़ा में महिला चिकित्सालय खोलने,
16. चिरबटिया, बांगर, बडमा, रानीगढ़, धनपुर बछणस्यूँ में फल पट्टी योजना शुरू करवाने,
17. चिरबटिया (लस्या) में राजकीय आलू फार्म की स्थापना करने,
18. रतूड़ा (धनपुर) में राजकीय आदर्श कृषि फार्म की स्थापना करने,
19. खांकरा (बछणस्यूँ) में राजकीय डेरी फार्म की स्थापना करने,
20. तुनेटा भरदार में गत्ता फैक्ट्री की स्थापना करने,
21. हरियाली देवी, नैनादेवी, जखोली, चिरबटिया, सिद्धसौड, मदियाणाखाल पर्यटक स्थलों का विकास कराने,
22. जनपद रूद्रप्रयाग में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा, उप वन संरक्षक, प्रबंधक उद्योग विभाग निरीक्षक मत्स्यपालन के पद सृजित कर उक्त पदों पर नियुक्ति दिलाने,
23. धनकुराली नहर, तुनेट नहर, बरसारी नहर, पाँजणा नहर चाका नहर, खांकरा नहर, नगरासू नहर, चोपड़ा नहर, सुमाड़ी नहर, पन्द्रोला नहर धारी नहर की मरम्मत करवाने,
24. बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार दिलाने हेतु प्रदेश में उद्योग धन्धों को लगाने,
25. भवन विहीन बेसिक पाठशालाओं एवं भवन विहीन जूनियर हाई स्कूलों में भवन निर्माण कराने,

...4/...

क्र.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप
		26. रा0उ0मा0वि0 तथा रा0इ0का0 में प्रधानाचार्यों एवं अध्यापकों एवं प्रवक्ताओं के रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती कराने, 27. विकलाँग विधवाओं एवं वृद्धावस्था पेंशन का वितरण तत्काल करवाने, 28. किसानों को गन्ने के मूल्य का भुगतान तत्काल करवाने, 29. गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले छूटे परिवारों को बी0पी0एल0 के कार्डो की सुविधा देने, 30. दुर्गम तथा दूरस्थ क्षेत्रों में खुले अस्पतालों में डाक्टरों की नियुक्ति करने, 31. मानक के आधार पर दुर्गम तथा दूरस्थ क्षेत्रों के प्राथमिक विद्यालयों में अध्यपकों की नियुक्ति करने, 32. प्रदेश में कानून व्यवस्था चुस्त दुरूस्त कर उत्तरांचल को भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने।"
3.	श्री प्रीतम सिंह पंवार	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाय :- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :- 1. उत्तर प्रदेश के विकल्पधारी कर्मचारियों एवं शिक्षकों को उत्तर प्रदेश भेजे जाने के लिए उन्हें कार्यमुक्त कर रिक्त स्थान पर शिक्षित-प्रशिक्षित बेरोजगारों को नियुक्त किये जाने, 2. प्रदेश की स्थायी राजधानी की घोषणा कर अस्थाई राजधानी में बेहिसाब हो रहे खर्चो पर रोक लगाकर स्थाई राजधानी के निर्माण व विकास किये जाने, 3. उत्तरांचल की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक संरचना अक्षुण्ण रखने के लिए संविधान के अनुच्छेद 371 के अन्तर्गत विशेष प्राविधान किये जाने के लिए केन्द्र सरकार को संस्तुति करने, 4. भ्रष्टाचार को रोकने के लिए प्रभावी उपाय करने,

...5/..

क्र.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप

5. प्रदेश में नौकरशाही को अनुशासित करने,
6. प्रदेश की बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था में सुधार किये जाने के लिये प्रभावी उपाय की घोषणा करने,
7. प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या को हल करने के लिए प्रशिक्षित फार्मेसिस्टों, बी0एड0, सी0पी0एड0, डिप्लोमा धारी इन्जीनियरों तथा अन्य प्रशिक्षित व उच्च शिक्षा प्राप्त बेरोजगारों को सेवायोजन हेतु प्रभावी कदम उठाने,
8. राज्य के भेड़ पालकों के उत्थान के लिए व उनके द्वारा उत्पादित ऊनी सामग्री के विपणन की समुचित व्यवस्था करने,
9. अनुसूचित जाति व जनजाति बाहुल्य क्षेत्र के समुचित विकास के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित नीति के अनुरूप विकास नीति बनाने,
10. प्रदेश के बेरोजगारों की विषम आर्थिक परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जीवन यापन हेतु बेरोजगारी भत्ता दिये जाने तथा परीक्षा व साक्षात्कार में भाग लेने हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध करने,
11. प्रदेश के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में परम्परागत ईंधन स्रोतों के घटने के कारण रसोई गैस में प्रदेश सरकार द्वारा सब्सिडी की व्यवस्था करने,
12. प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर खेल स्टेडियम की स्थापना करने,
13. प्रदेश की भौगोलिक परिस्थिति व जलवायु की अनुकूलतः के परिपेक्ष्य में बे-मौसमी सब्जी उत्पादन, फूलों की खेती, बागवानी के लिए ब्लाक स्तर पर प्रसार-प्रशिक्षण व्यवस्था कर उत्पादित सामग्री के बाजार की व्यवस्था करने,
14. उत्तराखण्ड की गौरवमयी संस्कृति को संरक्षित करने व समुचित स्थान प्रदान करने एवं क्षेत्रीय भाषाओं यथा गढ़वाली, कुमाऊँनी, जौनसारी, भोटिया के विकास के लिए एक राज्य स्तरीय पृथक अकादमी की व्यवस्था करने,
15. गन्ना किसानों को उनके उत्पादन का समुचित मूल्य प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की व्यवस्था करने तथा चीनी मिलों द्वारा समयबद्ध भुगतान के लिए एक स्पष्ट नीति बनाने,

...6/...

कं.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप

16. राज्य में कठिन कार्यो के बोझ तले दबी महिलाओं के विकास के लिए पृथक नीति बनाये जाने,
17. टिहरी बाँध परियोजना के विस्थापितों की समस्या को हल करने के लिए समेकित एवं समयबद्ध नीति को घोषित करने,
18. मनेरी भाली परियोजना द्वितीय चरण से प्रभावित परिवारों के सदस्यों को सरकारी सेवा में लेने,
19. प्रदेश में स्तरीय शिक्षा के विकास के लिए स्नातक स्तर तक निःशुल्क पाठ्य सामग्री की व्यवस्था करने,
20. वन विभाग में कार्यरत दैनिक व संविदा आधारित कर्मचारियों को वृत स्तर पर नियमित करने व साधन सहकारी समिति सचिव, गणक, संग्रह अमीनों, लो0नि0वि0, जल संस्थान में कार्यरत पी0टी0सी0 सहित विभिन्न, निगमों में दैनिक व संविदा आधारित कर्मचारियों को नियमित कर राज्य कर्मचारी घोषित करने,
21. प्रदेश में प्रशासनिक इकाईयों का पुनर्गठन कर प्रतापनगर, बड़कोट, कोटद्वार, रुड़की को अलग जनपद बनाए जाने,
22. प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में प्रधानाचार्यो, प्रवक्ता व अध्यापकों के रिक्त पदों को भरने,
23. चिन्यालीसौड़ व भौचर में स्थापित हवाई पट्टियों को सुदृढ़ कर वर्ष, 2003 यात्रा काल से वायु सेवा प्रारम्भ करने हेतु व्यवस्था करने,
24. स्वीकृत मोटर मार्गो भड़कोट-रौंतल, बगोडी, धरासू-रौंतल, धरासू-चमियारी, चिन्यालीसौड़-कोट (बागी), बडेथी-कांदला, भवान-नगुण, कल्याणी-तराकोट, सुलियाखोल-नौगाँव गोडर, चामी-सिंगुणी, नौगाँव-स्यूरी, चोपडा-चणगाँव, गमरागड-चोपडा सहित राज्य के सभी स्वीकृत मोटर मार्गो का कार्य प्रारम्भ करवाने तथा अधूरे पड़े मोटर मार्गो को पूरा करवाने सहित आवश्यक नए मार्गो के निर्माण करवाने,
25. इन्द्रकील पर्वत, जगदेई, नागटिब्बा, सेम, राड़ी देवराणा, मौरियाणा, डोडीताल सहित राज्य के सभी सुन्दर स्थलों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने,

